**खबर संक्षेप**

### जिला पशु कूरता निवारण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति कटनी की बैठक शुक्रवार 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पशुओं पर होने वाले अत्याचार एवं क्रूरता को रोकने , पशुओं के अश्रय हेतु पशु गृह का निर्माण , पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने समिति के उपाध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक सहित कोषाध्यक्ष डॉ आरती तिवारी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ सहित सदस्य विनोद कुमार शुक्ल आयुक्त नगर निगम, पी.पी.सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सहित जीव वन्य कल्याण बोर्ड विनोद महेन्द्र जी बम से आयोजित बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 28 को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला रोगी पशु कल्याण समिति कटनी की बैठक शुक्रवार 28 जून को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिले मे पशु कल्याण समिति , मोबाईल व्हीकल यूनिट के अंतर्गत संचालित 7 एम्बुलेंस के संचालन एवं रखरखाव व्यय सहित रोग अन्वेषण प्रयोगशाला हेतु आवश्यक उपकरण एवं उनपर होने व्यय के संबंध में चर्चा की जायेगी। समिति के सचिव एवं उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ आर.के.सिंह ने अध्यक्ष जिला कृषि स्थाई समिति, अशासकीय सदस्य संतीष सोनी एवं राजू जायसवाल सहित पुलिस अधीक्षक, वन संरक्षक, आयुक्त नगर निगम, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सिविल सर्जन शासकीय पोलीक्लिनिक एवं पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी मुख्य ग्राम योजना से आयोजित बैठक मे उपस्थित होने की अपील की है।

### जिला आपदा प्रबंधन की बैठक 26 जून को

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले के शासकीय विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं और परियोजनाओं में आपदा निवारण और शमन के लिए जिला स्तर पर की तैयारियों की समीक्षा हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक बुधवार 26 जून को अपरान्ह 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा आयोजित बैठक मे महापौर नगर निगम, अध्यक्ष जिला पंचायत सहित पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग से उपस्थित रहने का आग्रह किया है। अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग प्रमुखों को आयोजित बैठक मे निर्धारित एजेंड़ा अनुसार विभाग से संबंधित जानकारी एवं तैयारी के साथ उपस्थित होनें के साथ ही विभाग प्रमुखों को तैयार जानकारी की पीपीटी हार्ड एवं साफ्ट कापी में राहत शाखा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### तिलक कॉलेज में हुआ सामूहिक योग कार्यक्रम

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार खरे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्य डॉ खरे ने बताया कि योग हमारी प्राचीन जीवन शैली में आता है जिसका उपयोग हमारे छात्रों को एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने के लिए बहुत आवश्यक होता है। सभी छात्रों को आज से ही योगा अभ्यास पर ध्यान देना चाहिए ताकि विद्यार्थी स्वस्थ रहे। अपने जीवन में एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग धर्म का पालन करना अति आवश्यक है। डॉ केपी मिश्रा प्राध्यापक राजनीति शास्त्र ने योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन योग अभ्यास करता है तो वह अपने जीवन में निरोगी होगा ।

### माधवनगर थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का खुलासा, पिस्टल, 2 बाईक व 8 मोबाइल जब्त

# धरे गये 7 लुटेरे, जेवरात व नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर कौड़िया मार्ग में एक सराफा व्यापारी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने आधा दर्जन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये लुटेरों के पास से पुलिस ने लूट की रकम एवं जेवरात भी बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक ने वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि ग्राम हीरापुर कोड़िया में व्यापारी से लूट हुई थी। दुकान बंद कर जब दुकानदार लौट रहा था तभी लुटेरो ने उसे लूट लिया था। सोने चांदी के जेवरात कीमती लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये, चांदी के जेवरात कीमती लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये के एवं 02 लाख रुपये नगद तीन युवकों ने लूट लिए थे।



गौरतलब है कि कृष्ण कुमार सोनी 60 साल निवासी हीरापुर कौडिया ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि दिनांक 18.06.24 के शाम 7 बजे वह लड़के संदीप कुमार सोनी के साथ मोटर सायकल मे पीछे बैठकर बड़खेड़ा में दुकान बंद कर दुकान से सोने चांदी के जेवरात कीमती लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये, चांदी के जेवरात कीमती लगभग 1 लाख 30 हजार रुपये के एवं 02 लाख रुपये नगद लेकर घर जा रहा था कि हीरापुर कौड़िया रास्ते में तीन लड़के मोटरसायकल लिये खड़े थे उन लड़को ने रुपये एवं जेवरो से भरा थैला छीनने लगे तभी उनके अन्य 03 साथी भी आ गये और छीना झपटी कर थैला लूट कर ले गये।

#### इनकी हुई गिरफ्तारी

घटना के बाद एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं एडि एसपी डॉ. संतोष डेहरिया, सीएसपी श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी माधवनगर अनूप सिंह , उनि नीरज दुबे थाना प्रभारी एन.के.जे., उनि महेन्द्र जायसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी, उनि दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार को लूट/डकैती करने वालों को पकड़ने टीम गठित किया। गठित टीम के द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ शुरु कर आने जाने वाले की जानकारी एकत्रित करते हुए सी.सी.टी.वी कैमरो को खंगलना शुरु किया। जांच के दौरान पता चला कि घटना के दौरान 7 लोग मौके पर देखे गये थे जिनसे मदन चोबी पिता हरीदीन 27 वर्ष वार्ड नं 02 भैसवाही, विजयराघवगढ़, चिंटू उर्फ शैलेन्द्र परिहार पिता रंजीत सिंह 24 वर्ष निवासी-भैंसवाही, लक्ष्मी प्रसाद उर्फ छोटू पिता हजारी साहू 24 वर्ष निवासी. घुनसुर थाना विगढ़, संजय कुशवाहा पिता विजय कुशवाहा 21 वर्ष निकाली कन्हवारा, मनु तिवारी पिता सुनील तिवारी 20 वर्ष लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, नंदन भवन होटल डे घात, पन्ना मोड, नितिन गर्ग पिता विष्णुदत्त गर्ग 20 वर्ष हीरापुर (कौडिया) तथा शिवम पिता शम्भू मिश्रा 19 वर्ष निवासी पुरैनी से बारी-बारी से पूछतांछ की गई, जिन्होंने घटना की वारदात को काबूल करते हुए लूट की गई सोने-चांदी के जेवरात, नगदी जप्त किया गया। थाना माधवनगर में धारा 392, 395,120-बी भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया है आरोपियों से अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।

#### ये सामग्री की गई बरामद

गिरफ्तार किये गये आरोपियों से 01 नग पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस, चांदी की 30 जोडी पायल सोने की 10 नग पैंडल, सोने की झुमकी 01 जोडी, 05 जोडी सोने के टॉप्स, सोने की नथ 10 नग, 02 नग स्पलेन्डर मोटरसाईकल व 01 नग टी.वी.एस राईडर मोटरसाईकल, 8 मोबाईल एवं नगदी लगभग 1,78,800/- रुपये कुल कीमती करीबन 10,64,800 /- रुपये का मशरुका बरामद किया गया।

#### टीम को पुरूस्कृत करने घोषणा

इस कार्रवाई में निरीक्षक अनूप सिंह थाना प्रभारी माधवनगर, उनि महेन्द्र जायसवाल चौकी प्रभारी झिंझरी, उनि दुर्गेश तिवारी चौकी प्रभारी निवार, उनि विष्णु शंकर जायसवाल, सउनि शशिभूषण सिंह, प्र.आर प्रशांत विश्वकर्मा, प्र.आर. भुवनेश्वर बागरी, प्र.आर लालजी यादव, प्र.आर. कमलेश बैरागी, प्र.आर. आशीष श्रीवास, प्र.आर. अजीत बागरी, प्र.आर श्रीकांत सेन, आर. शिव पटेल, आर. रविन्द्र दुबे, आर. अभय यादव, आर. सत्येन्द्र, आर अजय, आर. लोकेन्द्र सिंह, आर अनूप सिंह, आर. भानू पाण्डेय, आर पंकज यादव, आर. अमित की भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा नगद इनाम से पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है।

### राज्य एवं वन सेवा प्रारंभिक 23 जून को

**कटनी।** अपर परीक्षा नियंत्रक, मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग रेसीडेन्सी ऐरिया इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 जिले के चार परीक्षा केंद्रों में 23 जून 2024 को ओ.एम.आर आधारित विधि से प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक, दो सत्रों में आयोजित की जावेगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए प्रवेश-पत्र अनिवार्य रूप से साथ में लाना होगा। परीक्षा कक्ष में निर्धारित अनुक्रमांक (रोल नंबर) की सीट पर बैठना होगा। प्रवेश पत्र पर अंकित अनुक्रमांक को ही ओ.एम.आर. शीट के निर्धारित स्थान पर लिखें तथा संबंधित गोले को काले डॉट पेन से पूरा भरें। ओ.एम.आर. शीट में प्रश्न-पत्र के सेट के गोले को काले डॉट पेन से ध्यान से भरे, सेट का गोला न भरने पर या सही गोला न भरने पर मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। समस्त कार्य काले डॉट पेन से ही करना होगा। ओ.एम.आर. शीट में सही उत्तर के गोले को भी काले डॉट पेन से ही पूरा भरना होगा। परीक्षा कक्ष में पेंसिल एवं रवर (इरेज़र) का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ओ.एम.आर. शीट पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर अनिवार्यतः करें।

**निरीक्षण कर 15 दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने दिये निर्देश**

## खतरनाक कारखानों एवं निर्माण इकाईयों के निरीक्षण हेतु अनुविभाग, थानावार दल गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन द्वारा समस्त खतरनाक एवं अति खतरनाक कारखानों एवं निर्माण इकाइयों में विस्फोटक अधिनियम 1884, विस्फोट नियम 2008, भारतीय बॉयलर अधिनियम 1923 सहित कारखाना अधिनियम 1948 एवं अन्य श्रम कानूनों एवं इनके अधीन निर्मित नियमों के अंतर्गत संयुक्त विभाग द्वारा निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा एक आदेश जारी कर खतरनाक एवं अतिखतरनाक उद्योगों एवं निर्माण इकाईयों मे निर्धारित मापदण्ड एवं नियम अधिनियम के अनुसार निरीक्षण करने हेतु औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा अधिकृत कारखाना निरीक्षक, उद्योग विभाग द्वारा अधिकृत अधिकारी, श्रम अधिकारी द्वारा अधिकृत निरीक्षक एवं मुख्य निरीक्षक बायलर को दायित्व सौपा जाकर अनुविभाग एवं थानावार दल का गठन किया है।

#### इनको सौंपा कार्य दायित्व

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार अनुविभाग कटनी के कोतवाली, कुठला, माधवनगर, रंगनाथ नगर एवं एनकेजे थाना का निरीक्षण करनें हेतु प्रदीप मिश्रा, उपखंड मजिस्ट्रेड कटनी , ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक को नियुक्त किया गया है। जबकि अनुविभाग कटनी के रीठी एवं बड़वारा थाना हेतु प्रदीप मिश्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट के साथ उमराव सिंह डीएसपी हैड क्वाटर को दायित्व सौपा गयो है।

इसी प्रकार अनुविभाग विजयराघवगढ़ के थाना विजयराघवगढ़ बरही एवं कैमोर हेतु श्री महेश मंडलोई उपखंड मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ़ के साथ के.पी.सिंह एस.डी.ओ.पी विजयराघगढ़ को, तथा अनुविभाग ढ़ीमरखेड़ा के उमरियापान एवं ढीमरखेड़ा थाना हेतु श्रीमती विंकी सिंहमारे उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं अखिलेश गौर एसडीओ पी स्लीमनाबाद के साथ ही अनुविभाग बहोरीबंद के स्लीमनाबाद, बहोरीबंद एवं बाकल थाना हेतु राकेश चौरसिया उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं अखिलेश गौर एसडीओ पी स्लीमनाबाद को दायित्व सौपा गया है।

गठित जांच दल को कारखानों मे सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए विस्फोटक अधिनियम 1884, विस्फोट नियम 2008, भारतीय बायलर अधिनियम 1923 सहित कारखाना अधिनियम 1948 एवं अन्य श्रम कानूनों एवं इनके अधीन निर्मित नियमों के तहत 15 दिवस के भीतर संयुक्त निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

### विश्व योग दिवस पर 500 पौधे लगाने का हुआ कार्यक्रम



10वें विश्व योग दिवस के अवसर पर कैमोर में कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर एवरेस्ट कंपनी द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें 500 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीम विजयराघवगढ़ ने पौधरोपण करके की। पौधारोपण कार्यक्रम में विजयराघवगढ़ एसडीएम महेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष मनीषा अजय शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष केवट, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, एवरेस्ट इंडस्ट्री के प्लांट हेड किशोर परमार, सुनील शर्मा, अमीषा परमार, श्रीमती स्मिता पदम नाभन, श्रीमती मीनाक्षी डे, यूनियन अध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष अजय शर्मा, एड ब्रह्ममूर्ती तिवारी, हिमांशु गौतम, पृथ्वीराज सिंह, रामकिंकर तिवारी, बिहारी यादव सहित, गोलू तिवारी एवरेस्ट इंडस्ट्री एवं नगर परिषद कैमोर का स्टाफ उपस्थित रहा।

## कमजोर बच्चों के लिए पोषण आहर किट बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जनपद पंचायत बड़वारा में बारडोली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा कमजोर बच्चों को निशुल्क पोषण आहार किट वितरण एवं निशुल्क पंखे आंगनवाड़ी केन्द्र में भेट कार्यक्रम किया जिसके मुख्य अतिथि महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रूपोंद आंगनवाड़ी भवन मे कार्यक्रम का अयोजन किया एवम दर्ज कम वजन के बच्चों को पोषण किट वितरण किया जिसमें मूंगफली चना बिस्कुट गुड दूध पाउडर हॉर्लिक्स और मौसमी फल रखकर प्रत्येक बच्चों को वितरित किया गया।

बारडोली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम लखन चौधरी एवं माया गुप्ता कोषाध्यक्ष ब्लॉक ऑर्डिनेटर रूपा बर्मन महिला बाल विकास सुपरवाइजर अंकिता प्यासी, सरपंच कमलेश यादव, जनपद सदस्य विनय नागवंशी एवं उपसरपंच पानबाई और विशेष रूप से कार्य का संचालन करने के लिए काशीबाई विश्वकर्मा और राजेश चौधरी जी की भूमिका रही। विनय नागवंशी जनपद सदस्य द्वारा हितग्राहियों को बताया गया कि इस नेक पुण्य काम में हमसे भी जो सहयोग इस संस्था के लिए बन सकेगा हम तन मन धन से सहयोग करेंगे और ऐसे कार्यक्रम हमारे बड़वारा ब्लॉक में हो रहे हैं मुझे अच्छा लगा इसके साथ ही बड़वारा ब्लॉक आंगनबाड़ी में दो सीलिंग फैन भेट किए गए साथ ही मुड़वारा परियोजना से में भी पंखे भेंट किए गए। कार्यक्रम में अंजनी पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनसूया पटेल माया यादव द्रोपती चौधरी सहायिका नम्रता विश्वकर्मा मीरा विश्वकर्मा आदि की उपस्थिति रही।

**योग दिवस पर जन शिक्षण संस्थान में योगाभ्यास कार्यक्रम**

## विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाता है योगा, बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जन शिक्षण संस्थान कटनी में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जन शिक्षण संस्थान परिसर में लाभार्थियों के मध्य संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के योग आसन करवाये गये। उनके द्वारा सर्वप्रथम सूर्य नमस्कार, धनुरासन, चक्रासन, प्राणायाम, पवनमुक्तासन, कटि चक्रासन, सेतुबंध आसन विधिवत रूप से करवाये गये। इन सब आसनों को लाभार्थियों ने बड़े ही उल्लास के साथ किया एवं उनके द्वारा यह अवगत कराया गया कि योग से विभिन्न प्रकार की बीमारियां थाईराइड, टाइप टू डाइविटीज, लीवर, किडनी से संबंधित बीमारियां दूर की जा सकती है। इसमें योगा मानव के लिए यह बताया गया अति आवश्यक है एवं इससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है और व्यक्ति निरोग रहता है करें योग रहें निरोग जैसे बातों से लाभार्थियों को आर्कषित किया।

जन शिक्षण संस्थान के निदेशिका लाली सिंह के द्वारा योग के विषय में बताया गया। उन्होंने बताया कि विभिन्न आसनों के द्वारा आहार नली की कार्यक्षमता, रक्त संचरण, हार्मोन का संतुलन किया जा सकता है योग करने से बीमारिया तो दूर होंगी साथ-ही-साथ मन स्वस्थ होगा और मानसिक शांति भी मिलेगी। उनके द्वारा ये बताया गया कि आज दुनिया के लगभग 100 देषों ने स्वीकारा है कि हमें योग करना चाहिए। प्रशिक्षण केन्द्र महाराणा प्रताप वार्ड, झिंझरी में श्रीमती बबीता सिंह जी एवं ईश्वरीपुरा वार्ड में श्रीमती शकुन्तला केशरवानी जी के निर्देशन में लाभार्थियों के मध्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी नित्यांशु गहरवार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर सिंह, क्षेत्रीय समन्वयक अजय पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर हेमन्त राज एवं राजेश उपस्थित रहें।

### कचहरी चौक में किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# नीट परीक्षा परिणाम में भ्रष्टाचार पर कांग्रेस ने साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नीट परीक्षा परिणाम के खिलाफ कांग्रेस कचहरी चौराहा कटनी में जोरदार प्रदर्शन किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी NTA ने 4 जून 2024 को NEET-UG 2024 का परिणाम जारी किया। कुछ उम्मीदवारों के बढ़े हुए अंक के बाद अनियमितताओं और पेपर लीक के आरोप से परिणाम प्रभावित हुए है। बिहार, गुजरात ओर हरियाणा में की गई गिरफ्तारियों से भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से उजागर हुआ है। भाजपा शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न को उजागर करता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन आरोपों की गंभीरता को उजागर किया है।



#### लाखों छात्रों का भविष्य गर्त में

कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा NEET परीक्षा में इस बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार ओर अनियमितताओं और एनडीए सरकार की हताशा, निष्क्रियता और चुप्पी आश्चर्यजनक है। केंद्र सरकार की नाकामी से छात्रों का सुनहरा भविष्य खराब हुआ है। वरिष्ठ पार्षद कांग्रेस नेता एडवोकेट मिथलेश जैन ने कहा NEET- UG 2024 परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली की गई है, जिसमें 24 लाख की संख्या में छात्रों का भविष्य अंधकार मय हो गया है।

पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा नीट परीक्षा से लाखों परिवारों को नुकसान हुआ है महंगी कोचिंग लाखों रुपए खर्च करने के बाद बच्चा नीट की परीक्षा देता है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय पटेल पूर्व मंडी के सदस्य जालिम यादव ने कहा मध्य प्रदेश में NEET UG 2024 परीक्षा, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में हुए पेपर लीक घोटाला एवं प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले करने वाले के ऊपर सख्त कार्रवाई हो।

#### राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अंशु मिश्रा नगर निगम के पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता ने कहा नीट परीक्षा में हुई धांधली की जांच एवं परीक्षा निरस्त करने हेतु राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कटनी एसडीएम के माध्यम से सोपा गया जिसमें कांग्रेस पार्टी ने पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का अनुरोध किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव विवेक पांडे गोल्डन, एडवोकेट पार्षद मौसूफ अहमद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जाफर, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष पार्षद आफताब, जिला कांग्रेस महामंत्री रमेश सोनी, पूर्व पार्षद संदीप गुड्डू यादव, जय वर्मा, तुलाराम गोटिया, अजय खटीक, महामंत्री गुड्डू द्विवेदी, युवा कांग्रेस नेता शशांक गुप्ता, आकाश ताम्रकार, वेंकट गटटानी, आदित्य कटारे, रॉबिन पीटर, अजय कुछवाहा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## अभद्रता से आक्रोशित कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियों प्रशिक्षण के दौरान बीसीएम द्वारा सार्वजनिक रूप से अभद्रता करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने ज्ञापन में पल्स पोलियों में डियूटी नहीं करने की चेतावनी दी है। बताया जाता है कि मानदेय को लेकर आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के संबंध टिप्पणी की गई थी। कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि प्रशिक्षण में बैठने की व्यवस्थाएं नहीं रहती तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पल्स पोलियों के बिल फर्जीवाड़े कर निकाले जाते हैं । ज्ञापन सौंपने बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### विधि विधान से कांच मंदिर का हुआ भूमिपूजन

**कटनी।** 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती कांच मंदिर का भूमिपूजन परमपूज्य उत्कृष्ट समाधिस्त संत शिरोमणी आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि पुंगव 1008 सुधा सागर महाराज के परम आर्शीवाद से प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रम्हचारी प्रदीप भैया सुयश अशोक नगर एवं बालब्रम्हचारी नरेश भैया गुरूकुल जबलपुर के निर्देशन में पूरे मंत्रोच्चार एवं विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नगर में विराजमान मुनिश्री विश्रांत सागर महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि जो भी महानुभाव मंदिर में निर्माण में अपना आर्थिक सहयोग प्रदान करते हैं उन्हें भव-भवांतर तक इसका पुण्य मिलता है क्यों कि मंदिर हमारे आस्था केन्द्र है और आज लगभग 130 वर्ष पुराने मंदिर के जीर्णेधार के लिये जिन्होने भी अपना सहयोग दिया है वे साधुवाद के पात्र है। आधारशीला रखने का सौभाग्य सुनील कुमार संगीता जैन, सजल जैन सेवी जैन, शुभम जैन, रमेशचंद भजन सागर परिवार को प्राप्त हुआ।

### वीडियो फिल्म को देखकर दिये जा सकेंगे क्विज के जवाब

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई ''कटनी को जानो'' ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के नवमें दिवस शुक्रवार 21 जून को वसुधा फाल रीठी एवं मां शारदा मंदिर विजयराघवगढ़ से संबंधित से संबंधित सवाल ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 23 जून की रात 12 बजे तक दिया जा सकेगा, जवाब सब्मिट करने के लिए लिंक खुली रहेगी। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें जिले जिले के ऐतिहासिक स्थलों के बाद प्राकृतिक छटा से भरपूर रीठी का वसुधा फाल की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जायेगी। अद्भुद, शानदार एवं मनमोहक इस वसुधा फाल को देखकर पर्यटकों को ऐसा आकर्षित करता है कि वे फिर यहां बिना पानी का लुत्फ उठाए नहीं जाते। हरी वादियों के बीच सैकड़ों फीट से गिरता पानी और नीचे जमा पानी का तालाब काफी मनमोहक है। इसके अलावा विजयराघवगढ़ में विराजी श्रद्धा एवं आस्था का स्थल मां शारदा मंदिर की जानकारी भी साझा की जायेगी यहां विराजी मां शारदा को मैहर वाली माता की बड़ी बहन माना जाता है। इस मंदिर में मां शारदा का वर्ष 1826 में राजा प्रयागदास के साथ इसी विजयराघवगढ़ में आगमन हुआ था तब से रोजाना हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ का यहां तांता लगा रहता है।

### कन्या उमावि सिलौंडी में हुआ योगाभ्यास



**सिलौंडी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौंडी में ग्राम के 91 वर्षीय वरिष्ठ रजनीकांत राय , जिला मीडिया प्रभारी अमित राय मंडल अध्यक्ष डॉ प्रशांत राय जन शिक्षक संतोष बर्मन ,सचिव कुंज बिहारी जी और छात्र छात्राओं समेत विद्यालय के समूचे स्टाफ व गणमान्य जन तथा जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से विद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास के साथ ही सूर्य नमस्कार किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विशाल सर ने बताया कि योग करने से तन मन दोनों प्रफुल्लित रहते हैं हर व्यक्ति को योग करना चाहिए योग क्रिया से अनेकों बीमारियों से अपने आपको सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के तुलसी राम नामदेव,आशीष, समस्त शिक्षक, जन शिक्षक रामकिशोर रजक उपस्थित रहे।

स्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर जिले भर में हुए सामूहिक योग के कार्यक्रम

# शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए योग-प्राणायाम है महासंजीवनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हर घर ,आंगन योग के संदेश को बढ़ावा देने शुक्रवार 21 जून को प्रातः 6 बजे से जिले भर में सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस वर्ष योग दिवस की थीम ''स्वयं एवं समाज के लिए योग'' है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधव नगर, कटनी में कलेक्टर अवि प्रसाद की मौजूदगी में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। यहां जिला योजना समिति के सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने सामूहिक रूप से आसन, प्राणायाम और ध्यान की यौगिक क्रियाओं में भाग लिया।

योग कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा (वर्चुअली) सामूहिक योग कार्यक्रम में संबोधन का प्रसारण किया गया। योग कार्यक्रम के उपरांत कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले में श्री अन्न को बढ़ावा देने हेतु किसानों को प्रतीक स्वरूप श्री अन्न के बीज के पैकिट प्रदान किये गए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को प्रातः 6 बजे से भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते, डी ई ओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह, डी पीसी के के डेहरिया एवं अन्य सदस्यों सहित मानव विकास समिति के अध्यक्ष निर्भय सिंह व बड़ी संख्या में नागरिकों, विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों, शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों, और छात्र- छात्राओं ने योगाभ्यास किया।

योग दिवस के अवसर पर जिले के स्कूलों, कालेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों सहित विभिन्न स्थानों पर योग सत्र आयोजित किये गये। योग सत्र में बड़ी संख्या में शामिल होकर लोगों ने योगाभ्यास किया।

सामूहिक योग कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना से की गई तत्पश्चात योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को चालन क्रियायें, योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगासनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्थानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्थानपादासन, अर्द्धहलासन, पवनमुक्तासन, शवासन का अभ्यास कराया गया। इसके पश्चात कपालभाती, अनुलोम विलोम, शीतली और भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। फिर ध्यान, संकल्प एवं शांतिपाठ किया गया। कार्यक्रम में योग करने से तन -मन और बुद्धि स्वस्थ रहने सहित अन्य लाभों से अवगत कराया गया।

## 39 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर कृषकों एवं नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रख लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान में लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही मिशन मोड पर किया जा रहा है। अभियान के तहत मैदानी राजस्व अमला और राजस्व अधिकारियों के सद्प्रयासों की वजह से अभियान के दौरान अब तक 3 हजार 940 सीमांकन प्रकरण निपटाये जा चुके है। जिले भर में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण का कार्य अनवरत रूप से जारी है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा राजस्व अधिकारियों को आर.सी.एम.एस. पोर्टल पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज लंबित सीमांकन प्रकरणों को समय-सीमा में प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिए गये थे। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि वर्तमान में खेतों से फसल की कटाई हो जाने से खेत खाली है। जिससे सुविधाजनक ढंग से सीमांकन कार्य किया जा सकता है। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिले में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में हुई कारगर पहल की वजह से इसके निराकरण में गति परिलक्षित हुई है।

कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद और अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। विदित हो कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का निराकरण पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दे रखे है। सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी की वजह से बड़ी संख्या में किसान भाइयों से सीमांकन के आवेदन प्राप्त हो रहे है।

कलेक्टर के निर्देश के बाद सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की तहसीलों में ढ़ीमरखेड़ा तहसील 595 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर अव्वल स्थान पर है। जबकि तहसील विजयराघवगढ द्वारा दूसरे स्थान पर रहकर अब तक कुल 470 सीमांकन प्रकरणो का निपटारा किया जा चुका है। इसी प्रकार तहसील रीठी द्वारा तीसरे स्थान पर रहते हुए अब तक 458 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है।

ग्राम पंचायत झिरिया से प्रारंभ किया गया अभियान

## स्वस्थ्य प्रदेश अभियान के तहत निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राहत समर्पण सेवा समिति द्वारा स्वस्थ गांव से स्वस्थ प्रदेश अभियान चलाया गया है जिसका सुभारंभ ग्राम पंचायत झिरिया मैं सिविल अस्पताल वि.गढ़ डॉ.विनोद कुमार (बी.एम.ओ) उपस्थित में किया गया। राहत समर्पण सेवा समिति जो स्वास्थ शिक्षा, रक्त दान शिविर, गरीबों की मदद, फल डोनेट नेत्र एव चिकित्सा शिविर के माध्यम से लगातार सेवा करते आ रही है।

अब समिति द्वारा स्वस्थ गांव से स्वस्थ प्रदेश अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत पंचायत झिरिया शुक्रवार को वि.गढ़ राहत समर्पण सेवा समिति की ओर से निःशुक्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क नेत्र जाँच मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन ममता आई केयर क्लीनिक के सहयोग से किया गया। शिविर में करीबन 75 लोगों की निःशुल्क नेत्र व स्वास्थ जांच की गई। इस दौरान सिविल अस्पताल वि.गढ़ ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर डॉ.विनोद कुमार मेडीकल ऑफीसर डॉ डेनियल परमार ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय पर अपने आंखों की जांच करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि वि.गढ़ में नेत्र जांच में अधिकतर मरीजों को मोतियाबिंद तथा दूरदृष्टि की बीमारी का प्रकोप देखा गया है। यदि समय पर उपचार किया जाए तो अंधापन से बचा जा सकता है। इसलिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे शिविर के दौरान प्रयोग होने वाली दवाइयां आंखों की स्क्रीनिंग एवं ड्रॉप्स ग्राम पंचायत परिसर में निःशुल्क वितरण किए गई साथ मोतियाबिंद ऑपरेशन के ब्लड प्रेशर की जांच साथ ही शुगर की जांच भी निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन लेंस काला चस्मा दवा पूर्णतः निःशुल्क मरीजों को वाहन भी पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराया गया ग्राम पंचायत सरपंच सुरेंद्र उरमालिया उपसरपंच,पंच, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.विनोद कुमार चिकित्सा अधिकारी डॉ डेनियल परमार समिति के अध्यक्ष डॉ शारदा साहू उपाध्यक्ष डॉ.विपिन पटेल स्टाफ रोशनी बागरी भूमि सिंह की उपस्थिति रही।

## डीपीएस में विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को योग कराकर उनकी आंतरिक व बाहरी शक्तियों को ऊर्जा के रूप में निखारा गया। यह आयोजन प्रतिवर्ष 21 जून को दिल्ली पब्लिक स्कूल में बहुत ही अनुशासित ८ व्यवहारिक क्त ढंग से मनाया जाता है। बच्चे सुबह से ही योग के प्रति जागरूक नज़र आ रहे थे। खेल प्रशिक्षक रजत चतर, काजल गोदवानी ,नेहा श्रीवास्तव की उपस्थिति में बहुत ही सुचारू रूप से यह योग दिवस बच्चों के साथ मनाया गया। विद्यालय की प्राचार्या महोदया, उप प्राचार्या महोदया जी ने 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए योग के महत्त्व से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराया। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन जी ने योग दिवस के प्रति बच्चों की रुचि की सराहना की तथा उन्हें बताया कि योग प्राचीन काल से चली आ रही वह साधना है जिससे मनुष्य अपने शरीर के साथ मन मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है।

प्रतिनिधि मंडल ने कार्यवाही को रोकने रखी मांग, निराकरण का आश्वासन

## कबाड़ दुकान संचालकों की समस्याओं को लेकर महापौर ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर में स्थित अवैध 56 कबाड़ दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही के उपरांत दुकान संचालकों के प्रतिनिधि मंडल ने दिनांक 20 जून 2024 को महापौर प्रीति संजीव सूरी से अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मुलाकात की] जिसमे उनके द्वारा नगर निगम द्वारा की जा रही कार्यवाही को रोकने तथा महिलाओं एवं बच्चों हेतु शहर के अंदर स्थान देने हेतु सुविधाए उपलब्ध कराए जाने की मांग रखी जिस पर महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा सभी मांगों को उचित स्तर तक पहुंचाने और जल्द ही उचित स्थान दिलाने एवं समस्या का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया।

कबाड़ दुकान संचालकों की समस्याओं को देखते हुए महापौर सूरी द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए तालाबंदी की कार्यवाही की यथास्थिति की जानकारी लेते हुए दुकान संचालकों के रोज़गार को देखते हेतु उचित स्थान] साथ ही महिलाओं और बच्चों के लिए शहर के अंदर व्यवस्था किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। उक्त बैठक में निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल, एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, समाजसेवी अनिरुद्ध सोनी, प्र कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी की उपस्थिति रही।

योग दिवस पर नेहरू युवा केन्द्र द्वारा किया गया आयोजन

## योगाभ्यास एवं चित्रकला से दिया योग करने एवं निरोगी रहने का सन्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला नेहरु युवा केन्द्रों द्वारा 21 जून को "स्वयं एवं समाज के लिए योग" थीम अंतर्गत 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगाभ्यास (शारीरिक विकास) एवं चित्रकला (ज्ञानवर्धक गतिविधि) का आयोजन किया गया। पटोहा युवती मंडल अध्यक्ष रूबी राय की अगुवाई में गोष्ठी आयोजित की गई एवं युवतियों द्वारा चित्रकला के माध्यम से योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही, ऑनलाइन माध्यम से पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें प्रत्येक ब्लाक से 10-10 युवक/युवती कुल 60 युवाओं ने अपनी रचनाएँ जिला नेहरु युवा केंद्र कार्यालय को भेजी। नेहरु युवा केंद्र कटनी की ओर से प्रथम विजेता (राशी जैन, कटनी) एवं द्वितीय विजेता (प्रांजलि परोहा बडवारा, ख़ुशी सिंह कटनी, एवं सपना बर्मन कटनी) को दिनांक 21.06.2024 को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

साथ ही, 'जय माता दी युवा मंडल' अध्यक्ष विक्रम तिवारी की अगुवाई में नेहरु युवा केंद्र से कटनी सिटी से जुड़े मंडल सदस्यों ने आर्डिनेंस फैक्ट्री परिसर में अभिलाष सिंह गौतम, योगाचार्य की अगुवाई में आयोजित योगाभ्यास में हिस्सा लिया एवं सरल एवं प्रभावी योगासनों की विधि सीखी। अंत में नेहरु युवा केंद्र एवं जय माता दी युवा मंडल की ओर से अभिलाष सिंह गौतम को मोमेंटो भेंट किया गया।

नेयुके पर्यवेक्षक राज कुमार अग्रवाल की अगुवाई में नेहरु युवा केंद्र कटनी से जुड़े राष्ट्रीय एवं पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों ने सत्यम मैरिज गार्डन- सामुदायिक भवन परिसर में गोपाल कृष्ण अग्रवाल, योगाचार्य, सुक्खन उस्ताद अखाडा एवं गायत्री योग अनुसन्धान की अगुवाई में आयोजित योगाभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सम्मिलित भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन द्वारा सन्देश दिया गया कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से विषय भर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं भारत की सांस्कृतिक विरासत योग एवं व्यायाम के बारे में देश के सभी क्षेत्रों के निवासी युवाओं एवं जन साधारण को जागरूक करने के विशेष प्रयास करने चाहिए।

योग दिवस के उपलक्ष्य में बड़वारा क्षेत्र के विद्यालयों में योगाभ्यास कार्यक्रम

## स्वस्थ्य शरीर और बुद्धि के लिए योगाभ्यास है बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बड़वारा संकुल समेत अनेक स्कूलों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गए। मुख्य कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह , उपसरपंच बड़वारा अनुराग गुप्ता ,मंडल अध्यक्ष विलायत कला गजेंद्र उपाध्याय, हर्ष द्विवेदी, राजेश दुबे , पी डी गर्ग , संतोष दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में एवं उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य जुगल किशोर चौरसिया के संयोजन में आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के दौरान जनपद बड़वारा के पंचायत निरीक्षक उदयभान दाहिया ,अस्पताल से प्रभारी विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक नंदिनी बाटिया, अंत्योदय समिति अध्यक्ष राजेश चौधरी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में योग प्रभारी करण सिंह ठाकुर एवं नंदनी बाटिया द्वारा सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं को योग के गुणों को बताते हुए योग कराया गया एवं इसको प्रतिदिन करने हेतु सभी को कहा गया।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा की श्रीमती सुहासिनी सिंह द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में गणेश पटले, प्रेमा बोपचे ,मोहन निगम ,घनश्याम चौधरी ,अपूर्वा तिवारी, अमृता पटेल, मधुबाला गर्ग, उर्मिला कश्यप, उर्मिला कोरी, अनिल अरकरे, नीलेश श्रीवास्तव, धर्मपाल बैगा ,मनीष विश्वकर्मा, शैलेंद्र कोल ,निधि चढ़ार आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को अल्पाहार के रूप में अंकुरित चना एवं मूंग का वितरण किया गया।

### भुड़सा उमावि विद्यालय में हुआ योगाभ्यास

बड़वारा समीपस्थ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा में भूतपूर्व सैनिक उदयराज सिंह की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं समेत विद्यालय के समूचे स्टाफ व गणमान्य जन तथा जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से विद्यालय प्रांगण में योगाभ्यास के साथ ही सूर्य नमस्कार किया।

विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल ने बताया कि योग करने से तन मन दोनों प्रफुल्लित रहते हैं हर व्यक्ति को योग करना चाहिए योग क्रिया से अनेकों बीमारियों से अपने आपको सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, जन शिक्षक तथा रामकिशोर रजक उपस्थित रहे।

## आदिमानव के रहन सहन की जानकारी से रूबरू हुए प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ की गई कटनी को जानों ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से प्रागैतिहासिक पृष्ठभूमि सहित कटनी के प्रमुख पर्यटक स्थलों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी हासिल हो रही है। प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी रोजाना ही कटनी जिले के प्रमुख श्रद्धा एवं आस्था के स्थलों सहित पर्यटन स्थलों, पुरातत्व संस्कृति एवं अन्य विशेषताओं के बारे में बारीकी से जान रहे हैं। 10 जून से प्रारंभ हुई यह प्रतियोगिता अपने दूसरे सप्ताह की अवधि पूर्ण करने जा रही है।

गुरूवार को आयोजित इस ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को कटनी के आर्कषण का केन्द्र झिंझरी स्थित शैल वन पार्क के माध्यम से आदि मानव के रहन सहन और उनकी जीवन शैली के 10 हजार साल पुराने इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई। इसके अलावा प्रतिभागियों ने इस प्रयियोगिता के माध्यम से कटनी नगर के बड़वारा तहसील स्थित अपने आप में अद्भुद और दिल लुभाने वाले पर्यटन स्थल भुड़सा के संगम घाट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता की प्रश्नोत्तरी का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों हेतु शुक्रवार प्रातः रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के उपरांत विजेता चुने गए। जिनमें कटनी के आदर्श कॉलोनी निवासी रिचार्ड डेविड ने प्रथम, शेर चौक जालपा वार्ड निवासी अमर रैदास ने द्वितीय तथा रोशन नगर कटनी निवासी समृद्धि श्रीवास्तव ने तृतीय पुरस्कार जीता। वहीं ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कटनी के विमल द्विवेदी एवं लिटिल स्टार फाउंडेशन की पंखुडी खटीक ने एक - एक सांत्वना पुरस्कार जीता।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस पर सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया

**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागणांतर्गत 21.06.2024 को प्रातः कालीन बेला में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे ने योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर परमपिता परमेश्वर ब्रम्हाकुमारी आश्रम पन्ना की संचालिका सीता बहन भी सम्मिलित हुईं। शिक्षा विभाग डी.ई.ओ. सूर्यभूषण मिश्रा ने सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

### कॉलेज के लिए निकली नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गड़रपुर निवासी भवानीदीन पाल की 20 वर्षीय पुत्री प्रभा पाल की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई है। घटना के संबंध में भवानीदीन ने बताया कि प्रभा का विवाह 2 माह पूर्व ग्राम भभुआ जिला छतरपुर निवासी शिवपाल पाल के साथ हुआ था। 20 जून को प्रभा अपने मायके से पन्ना कॉलेज जाने के निकली जिसके बाद फोन करने पर उसने दिन भर फोन नहीं उठाया, रात में 8 बजे फिर फोन करने पर लखन साहू ने फोन उठाया, प्रभा के बारे में पूछने पर बताया कि वह अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। भवानीदीन ने आगे बताया कि जब मैं वहां पहुंचा तो लखन साहू नहीं मिला, बेटी की हालत गंभीर थी, उसके मुंह से झाग निकल रहा था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के बैग में चूहा मारने वाली दवा के खाली पाउच मिले हैं। मृतका के पिता ने लखन साहू पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस एवं नायब तहसीलदार डीआर अहिरवार ने मृतिका के परिजनों के बयान लेकर पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं ब्रजेश ब्रज द्वारा गिटार बादन से सभी प्रकार के गीत एवं भजन बुदेली भाषा में सुनाएं गए जो सभी बच्चों एवं अभिभावकों को अच्छे लगें इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं टॉफी वितरण भी की गई। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्ति एवं शाला के सभी बच्चों उपस्थित रहें। अरूण टंडन, धर्मेन्द्रचोबेएडवोकेट, वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार नामदेव, नारायण प्रसाद अहिरवार, प्रियंका सोनी, जया मेडम, शिल्पीयादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अन्य सभी की उपस्थिती रहीं।

## जल अभावग्रस्त घोषित दमोह जिले के कई तालाब सूखे

# ग्रीष्मकालीन खेती की सिंचाई से तालाब सूखे पानी पीने जा रहे मवेशी फंस रहे कीचड़ में





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले को जल अभावग्रस्त घोषित होने के बावजूद जिले के अधिकांश जलाशय में अवैध रूप से ग्रीष्म कालीन मूंग उड़द की खेती में जलाशय का पानी सिंचाई में बेंजा उपयोग होने से जलाशय में मवेशियों को पीने के लिए पानी नहीं बचा है। बड़े बड़े जलाशय में कही कही डबरों कुंडों में पानी शेष रह गया। भीषण गर्मी में पीने की पानी की खोज में मवेशी इन डबरो कुंड तक पहुंच पहुंचे तो जाते हैं लेकिन जमा कीचड़ में फंसाकर जिंदा वापिस नही हो पाते है। ताजा मामला है नोहटा गाड़ाघाट जलाशय का जहां पर ग्रीष्म कालीन फसलों की सिंचाई के चलते पूरा तालाब सूख गया और मवेशियों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा हो गया है। प्यास से व्याकुल मवेसी तालाब में कीचड़ के बीच पानी पीने जा रहे और कीचड़ में फंसकर रह जाते है। ऐसी स्थिति में जिन मवेशियों को पशुपालक खोजते खोजते देख लेता है।

उनको बड़ी मशक्कत के बाद कीचड़ से बाहर निकाल लेते हैं लेकिन जिन मवेशियों पर लोगों की नजर नहीं पहुंच पाती है वह कीचड़ में फंसे दम तोड़ देते हैं। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री जल आयाम प्रमुख रमेश यादव ने बताया जबरा विकासखंड के जलाशय गाड़ाघाट माला जमनेरा रीछई भाट खमरिया भिनेनी जबेरा पौड़ी मानगढ़ भजिया जलाशय के अंदर कमांड क्षेत्र की भूमि पर अवैध रूप ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द की खेती की गई है जिसकी सिंचाई के चलते तालाब सूख गए। मवेशियों के सामने पीने के पानी का संकट खड़ा है। विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों की मिली भगत से रवि फसल गेहूं और ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द की बुवाई खेती होती है और खेती करने वालों से विभागीय अधिकारी द्वारा जमीन का शुल्क एवं सिंचाई शुल्क की वसूली करता है और इसकी पावती भी नही दी जाती है। जिससे बड़े गड़बड़ झाला की आंशका व्यक्त करते हुए तालाब की जमीन पर खेती शुल्क एवं सिंचाई की राशि की पावती दी जाए जमीन और सिंचाई शुल्क की राशि विभागीय कोष में जमा कराई जाए। जलाशय के अंदर कमांड क्षेत्र की भूमि पर फसल बुवाई खेती करना प्रतिबंधित किया जाए। भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में एसडीओ जल संसाधन विभाग विकासखंड जबेरा व गाड़ाघाट जलाशय के अमीन चौकीदार को जलाशय की कमान क्षेत्र में अवैध रूप से ग्रीष्मकालीन खेती करवाने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए हटाया जाए। गाड़ाघाट जलाशय के अंदर कुंड डबरा में पानी भरा है जिसके चारों ओर दलदल है। मवेशी पानी पीने जाते हैं और फंस रहे हैं। कुंड के चारों तरफ तार फेंसिंग लगाई जाए। उपरोक्त मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो भारतीय किसान संघ जबेरा तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा।

## लोगों को दिया योग ही जीवन है का संदेश



**हटा।** योग के प्रति नागरिकों को जागरूक करनें सहित इसे दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ रहनें के उद्वेश्य से दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम मनाया गया।जहां उपकाशी कही जाने वाले नगर हटा में योग के प्रति नागरिक जागरूक हैं।उसी श्रृंखला में शुक्रवार के दिन जनपद शिक्षा केन्द्र एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस सुबह 6 बजे से शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर विद्यालय में विकासखंड स्तरीय आयोजित किया गया जिसमें विधायक श्रीमति उमादेवी खटीक एसडीएम राकेश मरकाम सीईओ बीएस यादव नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे एवं जनप्रतिनिधियों शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में योग किया गया। योग दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी पर प्रसारित निर्देश के अनुसार योग अभ्यास जिसमें मुख्य योग सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, वज्रासन एवं सभी आसनों को किया गया।

## छोटे छोटे बच्चों ने किए योग आसन



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमाक 11 की आगनवाड़ी केंद्र दो के बच्चो ने योग दिवस के अवसर पर रेस्ट हाउस परिसर में थीम स्वयं और सामाज के लिए योग के आसन किए। सबसे पहले योग की शुरूआत सूर्य नमस्कार के साथ हुई, इसके बाद अनुलोम, विलोम, प्रणायाम साथ विभिन्न प्रकार के आषन कराए गए। इस अवसर में आगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार ने बच्चो को सिखाया कि योग हमारे जीवन में महत्व पूर्व है। योग आषन करने से हमारे जीवन का विकास होता है। साथ ही बुद्धी तीव्र होती है। इसके अलावा योग करने से हमेषा हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। इस अवसर पर आगवन साहायिका रीना लोधी, बच्चे ईषिका कटारे, शान्बिका कटारे अमूल्या उपाध्याय, माही यादव, राधिका लोधी, खुशी लोधी, अलीशाखान, अलशिफा खान, रागिनी यादव, रितु रैकवार, हर्षिता गौड़, यषवंत नामदेव सहित अनेक बच्चे मोजूद रहे।

## टाईम्स ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





टाईम्स पब्लिक स्कूल में शाला के प्रधानाचार्य श्री अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शाला की खेल शिक्षिका रितिका श्रीवास्तव के द्वारा छात्रो को योग कराया गया। और उन्होने योग से होने वाले लाभों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। शाला के प्रधानाचार्य ने बताया कि योग हमारे दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। और यह वैदिककाल से जारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के समस्त शिक्षिकों का सहयोग रहा। टाईम्स महाविद्यालय में भी योग दिवस पर सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने मिलकर सूर्य नमस्कार के साथ साथ योग के अन्य आसनों को किया महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाने की बात कही और कम से कम प्रतिदिन 20 मिनट योग करने के लिये प्रेरित किया एवं योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों से अवगत कराया। महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

## सच्चे मन से किया गया कर्म प्रभु को समर्पित किया जाए - पं उमाशंकर दुबे



**तेंदूखेड़ा।** नगर वार्ड नंबर 3 यादव मोहल्ला मे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पंडित उमाशंकर शास्त्री ने कहा कि हर एक सच्चा कर्म ही भगवान नारायण की सेवा है। सच्चे मन से किया गया कर्म प्रभु को समर्पित किया जाए तो वह भगवान नारायण की सेवा ही होती है। उन्होंने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को डस लेगा। ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है।

## खजरी में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित



**दमोह।** शासकीय नवीन माध्यमिक शाला खजरी में 20 जून 2024 को प्रवेश उत्सव के अंतिम दिन भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि अनुज बाजपेयी (**CCRT**) आदरणीय नरेंद्र दुबे (वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी) की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ आदरणीय दुबे जी द्वारा बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के तीन सूत्र - भाषा, भूषा, भोजन इसी तरह पानी की बूंद, अन्न का कण और गुरू का क्षण कभी व्यर्थ नहीं करना चाहिए। विस्तृत रूप से समझाया साथ ही एक कहानी के माध्यम से भी बच्चों को भविष्य के बारे में आगे बढ़ने के लिये प्रेरणा दायक बातें समझाई व सकरात्मकता के बारे में समझाया श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को भविष्य से भेंट के वास्तविक बताई व बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के उपाय बताए कार्यक्रम में त्रिलोक पटैल (**CCRT**) , अशोक शर्मा जी (उद्योग विभाग), सुरेश राठौर (उन्नति बेल्डिंग), शीतल कुर्मी (कृषि विभाग), शेखर तिवारी एवं प्र.अ. सुनील दुबे, सुनीता तंतुवाय, रंजना अहिरवाल, सी. एल. अहीरवाल, बैजनाथ नामदेव, कृष्ण कांत अग्रवाल की उपस्थिति रही।

## भारत सरकार द्वारा मौसम ऐप एवं दामिनी ऐप लांच

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है भारत सरकार द्वारा दो मोबाइल ऐप लॉन्च किए गए हैं, एक ऐप मौसम ऐप है उसके बारे में जानकारी सोशल मीडिया पर दी जा रही है। कलेक्टर श्री कोचर ने खास तौर से किसान भाइयों से आग्रह करते हुये कहा बारिश का समय आने वाला है, कब वर्षा होने की संभावना है, कब नहीं है उसकी जानकारी बहुत ही सरलता से मौसम एप पर मिल जायेगी। इसके साथ एक छोटी सी गाईडलाईन दी है, जिससे की समझ में आयेगा कि इसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसी प्रकार दमोह जिले में वर्षा काल में बिजली गिरने की बहुत घटनायें होती है, इसके लिये सरकार ने एक एप विकसित किया है जिसका नाम है दामिनी एप, दामिनी एप के बारे में भी हम जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डाली गई है। उन्होंने जिले के किसान भाईयों, ग्रामीणजनों से आग्रह करते हुये कहा मौसम एप और दामिनी एप डाउनलोड करें और मौसम के बारे में, बिजली गिरने की संभावनाओं के बारे में पूर्व से जानकारी मिल सकेगी, सजग रहेंगे तो सफल रहेंगे।

## योग दिवस पर किये योगासन



**पथरिया।** विश्व योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सीएम राइज स्कूल परिसर में सम्पन्न हुआ, शिक्षा विभाग के प्रोटोकॉल अनुसार प्रार्थना, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, योग-प्राणायाम, ध्यानादि अभ्यास पतंजलि परिवार मुख्य योग शिक्षकों सुदेश चौरसिया, गंगाराम पटेल, सुरेश रैकवार, जितेन्द्र दुबे, राजीव लोचन स्थापक, हेमंत राठौर, रमाशंकर पौराणिक द्वारा सम्पन्न कराया,इस अवसर पर एसडीएम निकेत चौरसिया पथरिया द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, दीप प्रज्वलन में मंडल अध्यक्ष ललित पटैल, सांसद प्रतिनिधि बृजेश पटेल, बिहारी सुकई पटैल, रुपेश सोनी, परषोत्तम खटीक, अंकित साहू, मनमोहन पटेल, दिलीप पटेल सम्मिलित रहे। वही डॉ अनामिका खरे पथरिया ने 21 जून 2024 का स्लोगन ₹नारी सशक्तिकरण के लिए योग₹ विषय पर महिलाओं एवं बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से प्राचार्य केदार विदौल्या, हाईस्कूल प्राचार्य राजेश जैन, बृजेश तिवारी, अनिल पटेल, विवेक खरे, रामेंद्र सुमन, लोकेंद्र सिंह, कुलदीप जैन, शरद विश्वकर्मा, रमाशंकर पौराणिक, हीरालाल बंसल, जनक सिंह देवता पटेल, श्रीयांश जैन, कीर्ति अशोले, निष्ठा जैन, अर्चना यादव, चंद्रभान अहिरवार,अनिल अहिरवार, दीपक, देवेंद्र, महेन्द्र, परषोत्तम, कुंजीलाल पाली अजय कोरी समस्त विद्यालय परिवार सहित नगर के गणमान्य उपस्थित रहें।

## पुलिस ने स्कूल स्टाफ के साथ किया योग



**गैसाबाद।** विश्व योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैसाबाद में शासकीय शिक्षक व थाना स्टाफ ने एक साथ योग किया। सामूहिक रूप से योगासन कर सभी को जीवन में योग को अपनाने की सलाह दी ताकि सभी स्वस्थ्य व खुशहाल जीवन जीयें।

## भारतीय किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह ने मुख्यमंत्री को श्रीमान कलेक्टर द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत किया। अध्यक्ष चंद्रभान पटेल ने मांग रखी की वर्तमान की फसल हेतु डीएपी खाद की आवश्यकता अनुसार पूर्ति की जाए, एवं यह भी कहा कि डीएपी की जगह जो दवा आदि की व्यवस्था बताई जा रही है उसे खेतों में प्रशिक्षण उपरांत किसानो को इसका संपूर्ण विवरण तकनीकी अधिकारी द्वारा दिया जावे। प्रदेश मंत्री आरसी पटेल ने सीता नगर सिंचाई परियोजना में हो रहे कार्य को प्राक्कलन एवं डीपीआर के अनुसार नहीं होने की शिकायत प्रशासन के सामने रखी। उन्होंने इस परियोजना की धीमी गति पर भी बात रखी। तहसील पटेरा संयोजक मयंक श्रीवास्तव ने पटेरा तहसील में खाद्य विक्रय केंद्र (डबल लाक) खोलने की मांग रखी। जल आयम प्रमुख प्रांत मंत्री रमेश यादव ने समस्त नहर एवं जलाशय की मरम्मत शीघ्र करवाने की मांग रखी। तहसील अध्यक्ष पूरन पटेल एवं उपाध्यक्ष हेमंत पटेल द्वारा माह में एक बार श्रीमान कलेक्टर महोदय के साथ बैठक आयोजित होने की बात रखी। कलेक्टर सुधीर कोचर द्वारा माह में एक बैठक किसान संघ के साथ करने पर अपनी सहमति दी। ज्ञापन में मीडिया प्रभारी राम मिलन पटेल कोषाध्यक्ष दिनेश पालीवाल एवं किसानों की उपस्थिति रही।

## स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ दमोह के बेनर तले सहायक संचालक आयुक्त महोदय जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के नाम कलेक्ट्रेड कार्यालय दमोह में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह बबलू ठाकुर ने बताया कि वेतन पर्ची में दैनिक भोगी पदर्दीशत हो रहा जो वेतन पर्ची में पद नाम सुधारा जाये इसका आदेश कार्यालय में दे चुका हूं आज दिनांक तक कोई सुधार नहीं हुआ। अंशकालीन कर्मचारियों को कलेक्टर दर का वेतन दिया जायें। अंशकालीन कर्मचारियों को वेतन हर माह भुगतान करवाया जाये जिसस हम सभी कर्मचारियों परिवार का गुजारा चल सकें। स्थाई कर्मियों को विभाग से पांच छ वर्षो से वर्दी प्राप्त नहीं हुई है नई ड्रेस प्रदान कराई जाएं। अंशकालीन कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जारी की जायें। अंशकालीन कर्मचारियों की जनवरी 2024 से आज दिनांक तक का वेतन अप्राप्त है आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संरक्षक राकेश हजारी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कोषाध्यक्ष रानू यादव जनजाति कार्यालय, अध्यक्ष दुर्जन लाल विश्वकर्मा, श्री बालचंद अहिरवार, देवेंद्र चौबे, खुमान सिंग, प्रहलाद अहीरवाल, विजय सिंग, दम्मु अहिरवार, कमोद सिंग, अंगद सिंह, खरगराम अंशकालिक अध्यक्ष वृंदावन मेहरा, मोती बाई, पुष्पा बाई रामकुमारी गेंदा बाई एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक तीन घायल, एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग बाइक सवार तीन युवक हादसे का शिकार हो गए जहां एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।जहां से उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के संबंध में स्वस्थ्य केंद्र से मिली जानकारी तेजगढ़ तेंदूखेड़ा मार्ग पर सांगा के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े जहां तीन युवकों इस हादसे में घायल हो गए। जहां घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर उपचार के बाद एक युवक को गंभीर चोटें आने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे में घायल हुए युवकों में नरेश पिता ओमकार गौड़ उम्र 24 निवासी हर्रई थाना तेजगढ़ रोहित पिता कोदू सीग गौड़ उम्र 23 वर्ष निवासी झलौन थाना तेन्दूखेड़ा शिवम पिता मुन्ना गौड़ उम्र 19 वर्ष निवासी हर्रई थाना तेजगढ़ इस हादसे में घायल हुए हैं । जहां नरेश पिता ओमकार सिंह गौड़ गंभीर रूप घायल होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## श्री अन्न कोदो एवं कुटकी के बीज वितरित

**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन



पटैल ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय मानस भवन में पांच कृषकों को प्रतीक स्वरूप श्री अन्न कोदो एवं कुटकी के बीज वितरित किये। इस दौरान कृषक बहादुर सिंह लोधी द्वारा श्री अन्न (मोटा अनाज) का स्टॉल लगाया गया तथा श्री अन्न के लड्डू एवं रागी का सत्तू तथा श्री अन्न की बुकलेट मुख्य अतिथियों को भेंट की गई। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, कृषि विभाग दमोह के उपसंचालक जितेंद्र सिंह राजपूत, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, कृषि वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. साहू एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के. जैन मौजूद थे।

## नेत्र शिविर का किया आयोजन



**पथरिया।** देवजी नेत्रालय जबलपुर के डां.पवन स्थापक द्वारा नगर के देव संकट मोचन हनुमान मंदिर पथरिया में हर महीनें के तीसरे रविवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार 10 मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन हुए। उक्त शिविर की जानकारी स्थानीय स्तर पर राजू भार्गव, बृजेश तिवारी, पी.एस राजपूत से संपर्क कर सकतें हैं।

## डॉ मनीषा दुबे हुई सम्मानित

**दमोह।** विश्व हिंदी रचनाकार मंच द्वारा भोपाल के हिंदी भवन में विगत दिनों श्री राम काव्य महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें दमोह जिले की डॉ मनीषा दुबे श्री राम काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित हुई। यह सम्मान उनके लेखन कार्य, कविता पाठ के लिए दिया गया।इस कार्यक्रम में 45 रचनाकारों को सम्मानित किया गया समारोह के मुख्य अतिथि राघवेन्द्र ठाकुर, डॉ सुशील राकेश वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद कन्नौज डॉ कनक पाणि लेखिका दिल्ली, विनीत मोहन औदिच्य कवि एवं शिक्षा विद सागर, डॉ हीरेन्द्र गौतम कवि एवं शिक्षाविद रीवा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती पदमा तिवारी दमोह ने वरिष्ठ कवियत्री लेखिका डॉ रेखा भटनागर ने की । कार्यक्रम का संचालन डॉ मनीषा दुबे दमोह और कौशिका सक्सेना के द्वारा किया गया। सभी साहित्यकारों और व्याख्याताओं गणमान्य नागरिकों ने डॉ मनीषा दुबे को अपनी शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## हरे माधव भजन योग का आयोजन कल

**दमोह।** हरे माधव भजन योग तन, मन व आत्मा की निरोगता पाने की एक कुंजी है, इसके ज़रिये हम अपने अंदर की अपार दिव्य ऊर्जा को अनुभव कर, प्राप्त भी कर सकते हैं। हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ३हरे माधव भजन योग३ का आयोजन समस्त जनमानस हेतु 23 जून 2024 को प्रातः 06 बजे से 07:30 बजे तक दावत होटल बैंक ऑफ बड़ौदा के ऊपर घंटाघर, दमोह में आयोजित किया जायेगा।

## बटरी दाल के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कार्यवाही करते हुए दमोह शहर के मागंज वार्ड नं-05, सरदार वल्लभ भाई पटेल ओवर ब्रिज के पास, बाईपास रोड, दमोह स्थित रोहित दाल मिल पर निरीक्षण कार्यवाही करते हुए बटरी दाल के नमूने जांच हेतु लिए। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान परिसर में फ़ूड लाइसेंस की प्रति लगी हुई नहीं पाई गई है। दाल मिल संचालक को परिसर में फ़ूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम " योग स्वयं के लिये और समाज के लिये" पर कार्यक्रम संपन्न

# रोज शरीर को स्वस्थ रखना हैं तो कम से कम 45 मिनिट योग करें-राज्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

इस बात की खुशी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो यूनाइटेड नेशन में प्रस्ताव रखा, उस प्रस्ताव को पूरे विश्व ने माना और 21 जून 2015 से सारे विश्व में योग दिवस मनाया जाने लगा है। पूरे विश्व में आज के दिन योग दिवस मनाया जाता है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज स्थानीय मानस भवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आर एल बागरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित, योगाचार्य प्रशांत असाटी, सहित अन्य योगगुरू एवं अन्य योग संस्थाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनो के पदाधिकारी एवं नागरिकगण मौजूद थे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जैसा कि सभी जानते हैं करें योग रहे निरोग, यह सच भी है यदि रोज शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो कम से कम 45 मिनट योग करें, एक्सरसाइज करें, तो निश्चित रूप से डॉक्टर के यहां जाने से बचेंगे, खास तौर से हड्डियों की बीमारी जो आज के समय में सबसे ज्यादा हो रही है, उनसे बचने के लिए सबसे अच्छा है, रोज योग करें। उन्होंने कहा अभी जैसा कि कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने ऑनलाईन संबोधित करते हुये कहा है 100 साल तक निरोग रहकर, बिना डॉक्टर के अपना जीवन यापन कर सकते हैं। आज योग दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी देशवासियों के लिए योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जो पिछले 10 वर्षों से लगातार मनाया जा रहा है, यह कार्यक्रम यहां पर हो रहा है। योग कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में होना था, अतिवृष्टि के कारण उसको वहां से शिफ्ट करके मानस भवन में किया गया है। यह अच्छा प्रयास है, और बहुत लोगों ने रुचि भी ली है। योग दिवस की सभी के लिए बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। श्री मलैया ने कहा योग निश्चित तौर से शरीर को मन को अच्छा करता है।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह के नागरिको को धन्यवाद देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बहुत ऊर्जा और उत्साह के साथ बड़ी संख्या में यहां पर लोग जुटे है। हमने एक्सीलेंस स्कूल में 3 हजार से अधिक लोगों के लिये कार्यक्रम की व्यवस्था की थी लेकिन असमय बारिश के कारण वहां कार्यक्रम नहीं कर पाया, उसके कारण योगाचार्यो आमजनों को जो कष्ट हुआ है मैं उसके लिए दमोह के नागरिकों से क्षमा मांगता हूं, कि यह कार्यक्रम हम बहुत अच्छे तरीके से करना चाह रहे थे। बहुत अच्छी बात यह रही की लोगों का उत्साह कम नहीं पड़ा। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आज 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

# अनियंत्रित एंबुलेंस बस से टकराते हुए राहगीरों से टकराकर पलटी

### पैदल राहगीरों में पति-पत्नी मासूम बच्ची गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे नोहटा मढ़ा मंदिर के पास एक बार फिर रफ्तार का कर देखने मिला है जहां पर एक एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पहले तो खड़ी यात्री बस से टकराते हुए रोड क्रास कर रही एक महिला पुरुष बच्ची को जोरदार टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई। भीषण सड़क हादसे में जहां दमोह में मरीज छोड़कर वापिस जबलपुर जाते वक्त नोहटा मढ़ा मंदिर के समीप सड़क हादसे एंबुलेंस के चालक 18 वर्षीय रिपटा पिपरिया जिला मंडलानिवासी रवि प्रकाश पिता शमशेर सिंह ऊंइके एंबुलेंस की स्टेरिंग में बुरी तरह से फंस गया था जिन्हे पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से बाहर निकाल कर उपचार के लिए नोहटा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर दमोह जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं एंबुलेंस की टक्कर से गंभीर रूप से घायलों कोटा कुंडलपुर निवासी 25 वर्षीय कुंज बिहारी पिता छेकोंडी सेन 22 वर्षीय पत्नी श्रीमती मेघा पति कुंज बिहारी सेन सहित डेढ़ वर्षीय हिमांशी सेन को नोहटा स्वास्थ्य केंद्र से उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां पर घायलों की गंभीर हालात को देखते हुए जबलपुर रेफर किया गया। हादसा इतना खतरनाक था जहां एम्बुलेंस पलटने से चला के स्टेरिंग में बुरी तरह फंस गया था और अंतिम सांसे गिन रहा था। वहीं एंबुलेंस की टक्कर से महिला अपनी मासूम बच्ची के साथ 20 फीट दूर जा गिरी थी बताया जाता है । कुंज बिहारी सेन अपनी पत्नी मासूम बच्ची केसाथ समूह की राशि निकलवाने के लिए लोक सेवा बस में बैठने के लिए रोड क्रास करते वक्त तेज रफ्तार एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया की एम्बुलेंस दमोह में मरीज को छोड़कर खाली वापिस जबलपुर जा रही और नोहटा मढ़ा मंदिर के समीप खड़ी यात्री बस में पीछे से तेज रफ्तार एंबुलेंस टक्कर मारते हुए बस में सवार होने जा रहे कुंज बिहारी सेन उसकी पत्नी डेढ़ माह की मासूम बच्ची को टक्कर मारते हुए सड़क पर पलट गई खतरनाक हादसे में एंबुलेंस चालक स्टेरिंग में बुरी तरह से फस गया था जिसे पुलिस के द्वारा रेस्क्यू कर उपचार के लिए नोहटा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं एंबुलेंस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल पति पत्नी और मासूम बच्ची को नोहटा स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया था जहां पर तीनों घायलों की गंभीर स्थिति के चलते जबलपुर रेफर किया गया है ।

## कूपन स्क्रैच कराकर टीवी फ्रिज देने के नाम पर ठगी

**तेंदूखेड़ा।** नगर में तीन - चार युवकों द्वारा कार्ड स्क्रैच कर कीमती सामान देने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। मामला नगर के वार्ड ग्यारह पंचवटी मदिर के समीप रहने बाले रघुवीर सिंह चौहान के घर का है जहाँ शुक्रवार के दिन मे ग्यारह बजे तीन से चार युवक माँ भावनी माता मार्केटिंग एन्ड सेल्स का कार्ड लेकर पहुँचे। श्री चौहान ने उनकी स्कीम जानी और पहले उन्होंने दो सो रुपया देकर कार्ड स्क्रिच किया। कार्ड मे एल सी डी फ्रिज मिलने की जानकारी दी और कहा आपको आठ हजार रुपया जमा करना होगा यदि आप यह पैसा जमा करते तो तीन सामग्री हम यदि घर लाकर आपको दे देंगे। युवकों की बात सुनकर रघुबीर सीग चौहान ने उनको आठ हजार रुपया नगद दे दिए। पैसे लेकर युवक गये उसके बाद बापिस नहीं आये। घंटे भर इतजार करने के बाद जब सामग्री घर नहीं आई तो युवकों की खोजबीन शुरू की गई किन्तु उनका कोई सुराग नहीं मिला। उसके बाद पीड़ति ने तेंदूखेड़ा थाने पहुंचकर बीती घटना की लिखित रूप मे जानकारी दी। नगर मे अनेक जिले से आकर लोगो ने तेंदूखेड़ा नगर या फिर आसपास के क्षेत्र मे अपना रहवास बना लिया है जो तरह तरह के व्यवसाय करते है। यह समस्या को देखते हुये तेंदूखेड़ा एस डी ओ पी डी एस ठाकुर ने नगर के लोगो से कुछ दिन पहले एक अपील की थी की बाहरी लोगो की पूरी जांच पड़ताल करने के बाद उनसे कोई सामग्री खरीदे या फिर उनको अपना मकान किराये पर देने के पूर्व पुलिस सत्यापन कर ले। मगर आज यदि जानकारी ली जाये तो सैकड़ो बाहरी लोगो नगर मे किराये से रह रहे है और उन्ही मे से एक गिरोह ने ये ठगी को अंजाम दिया है। श्री चौहान ने बताया कि मैं मुझे कार्ड दिया था उसमें नंबर भी लिखा था इसलिए मुझे विश्वास हो गया। उन्होंने मुझे एक दो सो का कूपन और उसमे अपना नंबर जो 8817924056 है यह दिया था। नंबर पर लगातार रिग जा रही है किन्तु सामने बाला फोन नहीं उठा रहा है।

## युवक को लगाई केसीसी में दो लाख दस हजार की चपत, थाना में आवेदन देकर की कार्यवाही की मांग

**जबेरा।** मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा जबेरा में केसीसी खाता खुलवाकर लोन दिलाने के नाम पर एक युवक को दो लाख दस हजार रुपए की चपत लगा दी गई। जिस पर आवेदक ने पुलिस थाना जबेरा में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस को दिए आवेदन में आवेदक बल्लू यादव पिता छोटे लाल यादव निवासी विजय सागर तहसील जबेरा ने बताया कि मेरे पुत्र के विवाह हेतु मुझे मार्च माह में रूपयों की आवश्यकता होने के कारण मैंने अपनी जमीन के संबंध में केसीसी खाता खुलवाना चाहा था। जिसमें अनावेदक ने कहा कि मुझे जमीन के कागजात एवं आधार कार्ड इत्यादि दस्तावेज दे दो मेरी बैंक के साहब से अच्छी पहचान है इस कारण में तुम्हारा केसीसी खाता जल्दी खुलवा दूंगा। आवेदक ने बताया कि अनावेदक मेरे गांव का व्यक्ति होने के कारण मैंने उसके ऊपर भरोसा करके सभी कागजात दे दिए थे। जिसमें मुझे रुद्रपाल कैशियर मध्यांचल ग्रामीण बैंक के द्वारा मार्च के माह में 80 हजार रुपए देकर कहा कि तुम्हारा अभी पूरा लोन स्वीकृत नहीं हुआ है जब पूरा लोन स्वीकृत हो जाएगा तो आपको और राशि प्राप्त हो जाएगी। आवेदक ने बताया कि मैंने बैंक में केसीसी लिमिट एक लाख पचास हजार रुपए बनाने के लिए कहा था लेकिन अनावेदकों द्वारा तीन लाख रुपए की लिमिट मेरी बिना जानकारी में बनाकर मुझे सिर्फ 80 हजार रुपए दिए। जब मैं 09 जून 2024 को अपनी पासबुक लेने के लिए बैंक गया तो मुझे पता चला कि मेरे साथ धोखाधड़ी करते हुए दो लाख दस हजार रुपए आहरित कर लिए गए। जब मैंने उक्त आहरित राशि के संबंध मैं कैशियर से पूछा तो बताया गया कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। आवेदक ने बताया कि मैं ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण खाता खुलवाते समय मेरे कई जगह कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए थे इसी का अनुचित लाभ उठाकर अनावेदकों ने मिली भगत कर मेरे केसीसी खाता क्रमांक 80053494081 से दो लाख दस हजार रुपए मेरी जानकारी के बिना निकल लिए जो की गंभीर आपराधिक कृत्य हैं। आवेदक बल्लू यादव ने पुलिस थाना जबेरा में आवेदन देकर उक्त मामले की शीघ्र जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## प्रत्येक शनिवार को प्रातः 06 बजे से 7 बजे तक होगा योग कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा 10 वां अतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया है, इसका उद्देश्य है कि योग समाज के लिये, व्यक्ति के लिये, इससे एक कदम और आगे बढ़ाते हुये हम एक नई पहल करने जा रहे है, वह पहल यह है कि योग को एक निरंतरता देने के लिये प्रत्येक शनिवार को प्रातः 06 बजे से 07 बजे तक जबलपुर नाके के पास जो स्टेडियम है, उससे लगा हुआ खेल विभाग का नव निर्मित स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और यह पूरी तरह से निःशुल्क होगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जो भी व्यक्ति योग करने के इच्छुक है वे आ सकते है। योग प्रशिक्षक आपको निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। यदि आप चाहे तो अपने लिये पीने के पानी की बॉटल ला सकते है, योगा के अनूकूल वस्त्र धारण करके आना है और यदि आपके पास योगा मेट है वो वह योगा मेट जरूर लेकर आये।

## अवैध नल कनेक्शनों के विरूद्ध जल निगम ने की कार्यवाही

**दमोह।** ग्रामो में ग्राम वासियों के द्वारा किए जा रहे अवैध नल कनेक्शन के संबंध में कलक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा तत्काल अवैध नल कनेक्शनों को हटाने व दोषियों के विरूध एफ.आई.आर. दर्ज कराने के आदेश म.प्र. जल निगम को दिए गये है। दमोह से लगे ग्राम आम चोपड़ा में बी.एस.एन.एल. कॉलोनी व आम चौपड़ा में लगभग 200 घरों में पानी का प्रेशर अत्यंत कम एवं कुछ घर में पानी पहुँच ही नहीं रहा है। जल निगम, फर्म व एस.क्यू.सी. की टीम ने पूर्व में 13 फरवरी एव 30 मई को अवैध कनेक्शनों के कारण ग्राम आम चौपड़ा में जल प्रभावित होना दर्शाया था। चौपड़ा रैयत में 30 मई को निरीक्षण के दौरान 16 अवैध कनेक्शनों को तत्काल बंद कराया गया था, किन्तु आज पुनः उन सभी 16 ग्रामवासियों ने अवैध कनेक्शन पुनः कर लिये है, आज निरीक्षण के द्वौरान फर्म द्वारा 12 कनेक्शनों को बंद कर दिया गया था। और अंतिम चेतावनी भी दी गई है कि आपके विरूध एफ.आई.आर. दर्ज कराई जायेगी, वहीं परसुराम टेकरी के नीचे रहवासियों द्वारा लगभग 200 मी. की अवैध पाईप लाईन विछाकर पेयजल प्राप्त किया जा रहा है, इससे आम चौपड़ा के लोग अत्यंत प्रभावित हो रहे है, अवैध कनेक्शनों के कारण आज हितग्राहियों को पानी प्राप्त नहीं हो रहा है। अवैध कनेक्शन पाये जाने वालों के नाम इस प्रकार है- मम्मु यादव, मुन्ना यादव, हल्लु यादव, गोविन्द यादव, हीरालाल यादव, कमलेश यादव, कैलाश रैकवार, मुन्ना रैकवार, जवाहर रैकवार, शेखलाल यादव, गोपाल पटेल, सुरेश यादव, लक्ष्मन बुन्देला, अमृत सिंह लोधी, गोविन्द यादव, दिलीप यादव। उक्त आशय की जानकारी प्रबंधन जन-सहभागिता डॉ. मनोज राज ने दी।

## पेपर लीक नहीं होते पेपर लीक कराये जाते हैं- रतनचंद जैन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय बस स्टेण्ड पर भारतीय जनता पार्टी की नीति और नियति के विरोध में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है नीट परीक्षा पेपर लीक नेट परीक्षा पेपर लीक एवं नर्सिंग घोटाला करके जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। वीरेन्द्र राजपूत, रजनी ठाकुर, लक्ष्मण सींग, नितिन मिश्रा, प्रदीप पटैल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, धनसींग राजपूत, बबलू भट्ट, सौरभ हजारी, आशुतोष शर्मा, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, भूपेन्द्र आजवानी, अभिषेक डिम्हा, गोलू चौरसिया, डीपी पटेल, विजय बहादुर ने भी धरना को संबोधित करते हुए कहा कि पेपर लीक नहीं होने भाजपा के नेता मंत्रियो के इशरे पर पेपर लीक करवाये जाते है लाखो छात्र-छात्राये भारी भरकम फीस जमा करके जब पेपर देने जाते है और उन्हें बाद में पता पड़ता है कि पेपर लीक हो गया तो कई युवा तो आत्महत्या तक करने मजबूर हो जाते है। प्रजु यशोधरन, शमीम कुरैशी, मुख्तार जाफरी, बाबुलाल पटेल, पुरूषोत्तम अहिरवार, अमित बुधौल्या, अजय जाटव, रियाज खान, अब्दुल चिश्ती, अरूण दुबे, शहजाद खान, पीट अली, संदीप बरदिया, विजय कर्माकर ने भी मप्र में पहले व्यापम घोटाले से लेकर नर्सिंग घोटाले सहित अवैध खनन करके व्यापम भ्रष्टाचार किया अब पूरे देश में पेपर लीक को लेकर हाहाकार मचा हुआ है किंतु जिम्मेदार मौन बने हुए है। इस अवसर पर हरमिन्द राजपाल, पुरूषोत्तम कुशवाहा, मानक अहिरवार, राकेश राय, राजु अहिरवार एवं कांग्रेस की सदस्यता लेने वाली भावना जैन मनोज राज सहित सैकडो कांग्रेसियों की उपस्थिति रहीं।

## इच्छा के निरोध का नाम तप कहा है: आचार्य श्री

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा शारीरिक मानसिक और आत्मिक यह तीन प्रकार की शांति है ।भूख लगती है प्यास लगती है तो उस क्षुधा पिपासा के शमन के लिए जलपान किया जाता है भोजन आदि किए जाते हैं। उसके माध्यम से कुछ क्षण के लिए शारीरिक जो भूख है वह मिट जाती है तृषा मिट जाती है। किंतु उसके बाद पुनः भूख लगती है इसके उपरांत भरपेट भोजन कर लिया मन के अनुरूप ही स्वादिष्ट भोजन किया इसके बाद भी इच्छा का निरोध नहीं हो पाता। किसी ने कहा महाराज भोजन कर लिया उसके बाद हम 2 घंटे के लिए भोजन का त्याग करते हैं तो यह तप के अंतर्गत आता है कि नहीं ।भरपेट भोजन कर लिया लगभग तीन-चार घंटे लगेंगे डाइजेस्ट होने में उसके पहले एक आध घंटे नहीं लिया तो वह तप के अंतर्गत आएगा ।तो ग्रहस्थ के तप में श्रमण के तप में अंतर क्या है ।दूसरी बात यह है भरपेट भोजन करने के उपरांत अब इच्छा तो है नहीं जब इच्छा नहीं तो इच्छा के निरोध का नाम तप कहा है ।तो निरोध किसका किया ना प्यास लग रही है ना भूख लग रही भोजन करने को बैठ गए भोजन कर लिया अंधों की टोपी चिंता बनी हुई है। इच्छा का निरोध नहीं कर पा रहा है मानसिक इच्छा है। मन की भूख अभी भी लगी हुई है और उसके लिए वह प्रयत्न करता रहता है इसलिए तप उसको बोलते इच्छा का निरोध किया जाता जिसमें ।कई प्रकार की इच्छाएं होती हैं उनका निरोध ही किया जाता है मोक्ष की इच्छा का भी निरोध कर ले महाराज सब तैयार हो जाएंगे। हमें मोक्ष की क्या आवश्यकता क्योंकि इच्छा का निरोध तप का है। ऐसा नहीं किंतु जिन वस्तुओं के माध्यम से पाप कर्म का अर्जन होता है उसका निरोध होता है उसके संवर के लिए और पाप कर्म की निर्जरा के लिए तप किया जाता है ।वह वहिरंग तप 6 प्रकार का है अनशन अर्थात चारों प्रकार के आहार का त्याग होता है उनोदर का अर्थ भूख से कम लेना भरपेट नहीं लेना इसे उनोदर बोलते इसमें भी बहुत सारे भेद होते चले जाते। रसपरित्याग भी होता षटरस पकवान बनाकर के आप लेते तो उनोदर भी अच्छा लगता क्योंकि सरस भोजन है और नीरस भोजन है तो वह सोचता उपवास करना ही ठीक है। क्योंकि नीरस लिया नहीं जाता यह सब तप है तो अर्थ है गुरुदेव ने भी कहा था अनशन से भी महत्वपूर्ण उनोदर तप है। क्योंकि उपवास करके एकांत में बैठकर के आप स्वाध्याय में लगा सकते हैं जाप अनुष्ठान में लगा सकते हैं भगवान की स्तुति पाठ में उपयोग लगाया जा सकता है। वहां पर तो थाली देखने में नहीं आ रही है इसलिए अनशन तप आसानी से हो सकता है ।उसमें भी कठिनाई है प्रारंभ अवस्था से फिर भी उनोदर की अपेक्षा से तप सरल माना जाता है किंतु जब आप रसोई घर में पहुंच जाते हैं और थाली पर बैठ जाते हैं थाली पर बैठते ही भूख की उदीरणा होती ऐसा कहने में आता अर्थ यह है वहां पर भोजन सामग्री को देखते ही उदीरणा हो जाती है खाने की इच्छा जागृत होती उसको रोकना यह तप माना जाता ।अच्छी भूख लगी है मनचाही वस्तु वहां परोस दी गई है फिर भी मुझे एक ही ग्रास लेना है इस प्रकार संकल्प लेकर वह श्रमण आहार के लिए निकलते हैं इसको अनशन तप से भी महत्वपूर्ण माना। यह कठिन तप माना जाता और रस परित्याग इससे भी कठिन तप ।गुरुदेव का कहना था चौके में जाने के बाद थाली दिखाते हैं तो उस समय रस परित्याग करना। इसलिए कहा वहां कोई चीज दिखाई नहीं दे रही उसी का त्याग कर लेते रसगुल्ला नहीं है और कोई पकवान नहीं है तो उसका मैं आज त्याग कर लेता हूं यह रसपरित्याग नहीं माना जाता अच्छे-अच्छे व्यंजन देखकर उसी का त्याग करना चाहिए।

# स्कूल है पर भवन नहीं, भवन है तो बच्चों को सड़क नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



एक ओर जहां जिला शासन-प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ३स्कूल चले हम३ जैसे शानदार अभियान चला कर एवं शिक्षा की ओर गाँव समुदाय एवं उनके सभी बच्चों के बीच व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित कर उन्हें अशिक्षा एवं अंगूठा प्रथा के मकड़जाल से बाहर निकालकर उन्हें सुशिक्षित बनाने जबरदस्त प्रयास कर रहा है । बल्कि शासन प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के ये प्रयास भी जमीनी स्तर पर बडे. पैमाने पर असरदार एवं कारगर भी साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर दमोह जिला मे ही कुछ ऐसे भी यादगार उदाहरण शिक्षा विभाग की सक्रिय कार्यप्रणाली के मौजूद है। कि जिन पर एकदम तत्काल आंख मूंदकर विश्वास करना भी आज हम सभी को मुश्किल होगा।

इस बारे मे जन संगठन एकता परिषद मध्य प्रदेश के पूर्व राज्य समनवयक सुजात खान ने क्षेत्र भ्रमण से प्राप्त अनुभव के आधार पर बताया कि आज हम जिला मे शिक्षा विभाग से विधिवत मान्यता प्राप्त तीन ऐसे स्कूलों की दुर्दशा के उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। जिसमें एक स्कूल जो वर्षों से स्वीकृत है और आज भी बिना भवन के निर्विघ्नं ,मजबूरन, शांति पूर्वक संचालित किया जा रहा है। उक्त आदिवासी बाहुल्य गाँव के बच्चों को आज तक शाला भवन की व्यवस्था नहीं हो सकी। वही दो शासकीय मान्यता प्राप्त स्कूल ऐसे भी है कि जिनके पास भवन तो उपलब्ध है। लेकिन इस भवन तक रोज आने-जाने के लिए बच्चों को आज तक वैधानिक शासकीय सड़क की व्यवस्था नहीं हो पाई है। अब आप सभी अंदाजा लगाईये कि ऐसी विषम परिस्थितियों में अध्यापन करने वाले बच्चों एवं अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को नित कितनी मूलभूत शैक्षणिक एवं व्यवहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा। हम और आप अच्छे से अंदाजा लगा सकते हैं । श्री खान कहा कि आज हम बात कर रहे हैं 1976 से मान्यता प्राप्त होकर संचालित हो रहे शासकीय प्राथमिक स्कूल ग्राम छापरी ठाकुर एवं 1993 से स्वीकृत शासकीय प्राथमिक स्कूल खैरूआ के शाला भवनों की। इन दोनों ही शालाओं के भवनों को तत्कालीन जमीदारों, ग्रामीणजनों एवं जनप्रतिनिधियों से समन्वयन बनाकर दान मे जमीन लेकर शिक्षा विभाग द्वारा जैसे तैसे बच्चों के बैठने के लिए शाला भवन तो बना दिए गए । लेकिन उन बच्चों के आवागमन के लिए सड़क की कोई व्यवस्था आज तक नहीं की गई । जिस कारण आए दिन वाद-विवाद के अलावा बच्चों एवं शालेय परिवार को तरह-तरह की परेशानियों से रूबरू होना पड़ता है! बच्चों को विशेष कर बरसात के दिनों में जब स्कूल भवन के आजू-बाजू मे किसान अपनी भूमि पर फसल बो देते हैं। बरसाती पानी भरा होता है। तब बच्चों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसी तरह वार्ड नंबर 01 हिंडोरिया के गाँव कंचनपुरा में आदिवासियों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए लगभग 10 - 12 साल पहले प्राइमरी स्कूल को शिक्षा विभाग से मान्यता देकर संचालित किया जा रहा है। लेकिन शिक्षा विभाग भवन की व्यवस्था करना भूल गया है। यह स्कूल पहले जिस पेड़ के नीचे लगता था। उस पेड़ के मालिक ने अपना वो पेड़ ही काट डाला। वर्तमान में यह स्कूल कभी हमारे घर मे तो कभी तुम्हारे आंगन में लग रहा है ।

बच्चों को बिना भवन के ठंड गर्मी बरसात जैसे मौसम में खुले आसमान के नीचे नित अध्यापन करना पड़ रहा है । इस तरह की भवन विहीन व्यवस्था के बीच बच्चों के उज्जवल शैक्षणिक भविष्य की कामना करना एक तरह से बेमानी है। एकता परिषद ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, शिक्षा विभाग एवं संबंधितों से इस दिशा में शीघ्र संवेदनशीलता के साथ बच्चों को सड़क एवं स्कूल भवन सुविधा मुहैया कराने न्यायोचित कार्रवाई करने की मांग की है।